## स्पीड न्यूज

### दो गौ तस्कर गिरफ्तार, 10 पशु बरामद



**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ईमली चौक से दो गौ तस्करों को गौ के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी। उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त थी कि पाटन थाना क्षेत्र होते हुए ग्राम करार के रास्ते से बालूमाथ मुख्य मार्ग होते हुए दो गौ तस्कर पैदल ही गाय व बैल को हांकते हुए पांकी के रास्ते से गुजरने वाले हैं। इस सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल का गठन कर पांकी ईमली चौक के समीप दो गौ तस्करों को गौ के साथ गिरफ्तार किया है। इसमें 10 बैल व दो गाय को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुस्लिम मियां पिता मौलवी मियां ग्राम नुरू व शाबीर मियां पिता मोदी मियां ग्राम नुरू दोनों टोला खांडपर थाना पांकी के रहनेवाले हैं।

### लोकसभा चुनाव : एसपी ने वाहन के ठहराव को लेकर किया स्थान चिह्नित

**मेदिनीनगर।** एसपी रीष्मा रमेसन ने लोकसभा चुनाव को लेकर बाहर से मेदिनीनगर आनेवाले मालवाहक व छोटे वाहनों के ठहराव को लेकर स्थल चिह्नित किया है। एसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधि व्यवस्था को देखते हुए वाहनों का ठहराव सुनिश्चित किया गया है। लेस्लीगंज की ओर से आने जाने वाली वाहनें समय सात बजे पूर्वाह्न से अगले आदेश तक अस्थायी रूप से चियांकी बाईपास रोड से होकर गुजरेंगी। रांची रोड से आने वाली वाहनें सदर थाना अंतर्गत चियांकी-रजवाडीह बाईपास रोड में 13 मई को अस्थाई रूप से पड़ाव करेंगी। गढ़वा की ओर से आनेवाली वाहनें चैनपुर थाना के मंगरदाहा घाटी के पास 17 बजे से 24 बजे तक रूकेंगी। रांची की ओर से आनेवाली वाहनें सतबरवा बाजार के पूर्व 13 मई को अस्थाई रूप से पड़ाव करेगी। औरंगाबाद बी मोड़ की ओर से आनेवाली वाहनें पंडवा थाना अंतर्गत पाटन मोड़ के समीप पड़ाव करेगी।

### सात जुलाई को धूमधाम से निकाली जायेगी रथ यात्रा



**मेदिनीनगर।** हरेकृष्ण यूथ के तत्वावधान में पुलिस लाईन रोड स्थित हरे कृष्णा निवास से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा सात जुलाई को धूमधाम से निकाली जायेगी। इसकी तैयारी को लेकर इस्कॉन मायापुर के संकीर्तन डिपार्टमेंट के हेड गौर धाम प्रभू जी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसके बाद प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए गौरधाम प्रभु ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ पूरे विश्व के जगत दाता हैं। जिनके याद में हमसभी रथ यात्रा निकालते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व बहुत पुरानी है। भगवान जगन्नाथ जो जगन्नाथपुरी में विराजमान हैं। वहीं पर यह यात्रा निकाली जाती थी लेकिन धीरे धीरे यह यात्रा सिर्फ भारत ही नहीं विश्व के सभी देशों में यात्रा निकाली जाती है। भगवान जगन्नाथ जगत के नाथ हैं। 1967 में पहला रथ यात्रा अमेरिका के संत फ्रांसिस में निकाली गई थी। इसके बाद विश्व के प्रत्येक देशों में निकालने की परंपरा प्रारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि उस दिन भगवान जगन्नाथ की कृपा सभी भक्तों पर बरसती है जो लोग भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी को छूकर अपने आपको धन्य समझते हैं। इस मौके पर इस आयोजन समिति के अध्यक्ष मंगल सिंह ने कहा कि यह यात्रा सात जुलाई को विगत वर्ष की भांति इस वर्ष नये स्वरूप में निकाली जायेगी। जो पुलिस लाईन रोड स्थित हरेकृष्णा भवन से निकलकर भारत माता चौक, अस्पताल चौक होते हुए छह मुहान होते हुए सुभाष चौक, बेलवाटिका चौक, स्टेशन रोड होते हुए कचहरी चौक होते हुए रेड़मा चौक, बाईपास रोड, बैरिया , गायत्री मंदिर रोड सुदना के रास्ते जेलहाता रोड होकर पुनः समाप्त होगी। कहा कि इस वर्ष रथयात्रा में हाथी, घोड़ा व उंट के अलावे एक झांकी प्रस्तुत की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। इसमें लोग तन मन व धन से जुड़कर इसे सफल बनायें। इस मौके पर उपाध्यक्ष कलेंद्र सिंह, मुख्य संरक्षक अरबिंदनाथ प्रभु, कोषाध्यक्ष रूपेश प्रभु, मीडिया प्रभारी विकास सिन्हा, श्याम मित्र मंडल के राजेश, ऋषि लाठ, मुकेश सिंह, शिव प्रभु, गौरव प्रभु, राघवेंद्र प्रभु, लवकुश प्रभु, सुरज प्रभु, विनित प्रभु समेत कई लोग प्रेस वार्ता में शामिल थे। बैठक में प्रखर प्रभु दिनेश द्विवेदी, ऋषि लाठ, सत्येंद्र मिश्रा, अनुपम तुलस्यान, कुमार सौरव प्रभु, विवेकानंद प्रभु, अरबिंद कुमार तिवारी, मुकेश सिंह, संजय अग्रवाल समेत कई लोग शामिल थे।

### मनातू : गैस सिलेंडर विस्फोट में एक की मौत, चार बच्चे गंभीर

**मनातू, पलामू।** गैस सिलेंडर फटने से नौडीहा निवासी मोटू अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस घटना में घर के चार बच्चे भी झुलस गये हैं। सभी बच्चों की स्थिति गंभीर है। सभी को मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर कर डालटेनगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जानकारी मिलते ही नातू थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जायजा लिया।

### निजी खर्च से मतदाताओं को बूथ तक पहुंचायेंगे ऑटो चालक : राकेश सिंह



**मेदिनीनगर।** लोकसभा 2024 मतदान को लेकर के मजदूर नेता राकेश सिंह सह झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के नेतृत्व में झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ एवं झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के पलामू जिलाध्यक्ष रमाकांत दुबे, जनता मजदूर संघ के युवा नेता महाराणा प्रताप सिंह, मदन सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के संयोजक शंभू प्रसाद, धनबाद डिवीजन महासचिव विवेक उर्फ लड्डू, असंगठित कामगार यूनियन के अध्यक्ष डब्लू पासवान, झारखंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महासचिव शक्ति सिंह, विकासशील स्वयंसेवी संस्था के सचिव ज्योति प्रकाश, टेलीकॉम वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष मो यासीन, शिव शिष्य सेना सह प्रमुख योगेंद्र कुमार सहित अन्य सदस्यों के साथ बैठक की गई। राकेश ने कहा कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि सभी ऑटो चालक अपने निजी खर्च से सभी मतदाताओं को मतदान के दिन बूथ पर मत दिलाने बूथ तक पहुंचायेंगे।

# इवीएम के साथ मतदान कर्मी कलस्टर के लिए रवाना, आज पड़ेंगे वोट

## जिले के सुदूरवर्ती और अति दुर्गम इलाके में हेलीकाप्टर से भेजे गये मतदान कर्मी

- मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल पर पूर्णतया रहेगा प्रतिबंध
- निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी, ऑल द बेस्ट : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**खबर मन्त्र टीम**



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा निर्वाचन को लेकर 13 मई सोमवार को मतदान होना है जिसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। शनिवार को 213 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया। इसी क्रम में रविवार को जिले के 1257 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। इसी क्रम में डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत दुर्गम बूथों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से भेजा गया। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी जहां गर्मी के मद्देनजर मतदान कर्मियों के बीच वोआरएस का वितरण किया। अहले सुबह से ही शुरू हुए डिस्पैच कार्यों का खुद जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन मॉनिटरिंग करते नजर आये। उनके साथ सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी समेत जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन उपस्थित रहीं।

**मुख्य बातें :** इस दौरान वे डिस्पैच हेतु बनाये गये विभिन्न काउंटर का निरीक्षण कर कई निर्देश दिये। डिस्पैच के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पोलिंग पार्टी को ब्रीफ किया। कहा कि मतदान केंद्र के अंदर किसी के भी मोबाइल ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक है यह आप सभी सुनिश्चित करें। मॉक पोल के संबंध में जारी निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का पालन करें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पोलिंग पार्टी के साथ एक व्हाट्स ग्रुप बनायें ताकि आपस में कम्युनिकेश करने में सहूलियत हो। उन्होंने सभी से कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी, ऑल द बेस्ट। इधर गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से डिस्पैच होने के पश्चात पाटन के किशुनपुर व पड़वा के बटसारा पहुंचे मतदानकर्मियों का बीएजी के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया।

**लोकसभा चुनाव : शहर में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चेंबर ने ली शपथ**

# प्रतिष्ठानों में आकर्षक उपहार के साथ नि:शुल्क ई रिक्शा सेवा : आनंद शंकर

- पहली बार वोट देने वाले को माही केक देगा फ्री केक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** होटल ज्योतिलोक के सभागार में शहरी क्षेत्र के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की विशेष बैठक चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया 13 मई को दिव्यांग, असहाय वं 60 वर्ष से ऊपर वृद्ध के लिए जिनके पास कोई बूथ में जाने आने का साधन नहीं है, उन्हें चेंबर निःशुल्क ई-रिक्शा उपलब्ध करायेगी।



**कैसे लें नि:शुल्क ई-रिक्शा सुविधा**

ई-रिक्शा सुविधा देने के लिए शहर को 7 जोन में बांटा गया है जिसमें चैनपुर शाहपुर एरिया के लिए मोबाइल नंबर 9102 276973, 62002 05418, बैरिया एरिया के लिए 62070 26814, 62065 64674, रेडमा एरिया के लिए 87891 6396, 82108 73905, जेलहाता एरिया के लिए 98013 03676, 79034 31693, मुख्य बाजार एरिया के लिए 98525 28787, 70045 39398, 73527 68400, साहित्य समाज एरिया के लिए 78704 50244, 94303 95672 और वेलवाटिका एरिया के लिए 77669 69834, 70046 91055 पर 30 मिनट पूर्व फोन कर लोकेशन एवं वोट देने जाने वाले का वोटर कार्ड व्हाट्सएप करते हुए ई-रिक्शा की सुविधा ली जा सकती है।

"आनंद मोटर्स, टाटा मोटर्स, शगुन जेम्स एंड ज्वेलरी, शुभ लक्ष्मी ज्वेलरी, बिहारी लाल एंड संस, प्रिंट एक्सप्रेस सेवा, साई फर्नीचर, प्लैटिनम ऑफ फैमिली मार्ट, दिल्ली दरबार, तृप्ति रेस्टोरेंट, शिवाय ब्लू, जोहर ब्रेड, सेकंड होम मार्ट ग्रॉसरी शॉप में 13 और 14 मई को वोट देकर सेल्फी लेने वाले लोगों के लिए उंगली पर चुनाव आयोग का इंक दिखाने पर दो दिनों तक आकर्षक डिस्काउंट मिलेगा। माही केक पहली बार वोट देने जा रहे वोटर (जिनका जन्मदिन 13 या 14 मई को होगा) को फ्री में केक देगा। - **आनंद शंकर, चेंबर अध्यक्ष**

सभी सदस्यों ने सामूहिक शपथ लेते हुए रणनीति बनायी कि अपने अगल-बगल के 10 घरों को कल वोट के लिए प्रोत्साहित करेंगे। बैठक का संचालन सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। बैठक में राजदेव उपाध्याय, कृष्ण अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, संजय भगत, सुबोध गुप्ता, राजीव सिंह, अमित आनंद, सुधांशु शेखर पाठक, अनवर हुसैन, मनीष भिवानिया, राकेश सोनी, उदय शंकर दुबे, चंदू गुप्ता, काशी प्रसाद, त्रिदेव उपाध्याय, सोनू गुप्ता नंदकिशोर भाटिया एवं भूपेंद्र सिंह उपस्थित थे।

# चुनाव आयोग के निर्देश पर सारी तैयारी पूरी है: उपायुक्त

- जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण चुनाव को ले संकल्पित
- डीसी शशि रंजन व एसपी रिश्मा रमेशन ने मतदाताओं से मत देने की अपील की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन द्वारा सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतदानकर्मियों को सभी बूथों के लिए मतदान सामग्री के साथ रवाना कर दिया गया है। पलामू में 13 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होना है। इसे लेकर सभी बूथों की व्यवस्था दुरूस्त कर ली गई है।



इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में चुनाव की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण देकर मतदान स्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। वे सभी पोलिंग स्टेशन या बूथ पर ही रात बितायेंगे। उन्होंने कहा कि स्विप कार्यक्रम के तहत गांव गांव में मतदाताओं के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि विगत चुनाव में 63 प्रतिशत मतदान किया गया था। जिसे मतदान प्रतिशत को बढ़ाते हुए इस प्रतिशत को तोड़ते हुए रिकार्ड बनाते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इस वर्ष कुछ नये बूथ बनाये गये हैं। वहीं नये मतदाता भी जोड़े गये हैं। इनके अंदर काफी उत्साह है। चुनाव को लेकर एक्शन प्लान बनाया गया है। इसके तहत मतदानकर्मी कब और कहां कितने समय में पहुंचेंगे इसका मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से किया जायेगा। उन्होंने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 13 मई को अपने घरों से निकलकर महापर्व लोकसभा चुनाव को अधिक से अधिक मतदान देकर इसे सफल बनायें। जिलेवासियों से अपील कर कहा कि लोकसभा आम चुनाव के महात्यौहार के मौके पर आगामी 13 मई 2024 को आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है, अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्व होता है, उसकी पूर्ति होना सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा को बनाये रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे।

# चुनाव को लेकर जिले में 40 कंपनियों के सुरक्षा बल तैनात

- जिले के प्रत्येक थाना स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**इन दस्तावेजों के आधार पर दे सकतें हैं वोट**

01. मतदाता पहचान पत्र
02. आधार कार्ड
03. पैन कार्ड
4. दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड
5. ड्राइविंग लाइसेंस
6. मनरेगा जॉब कार्ड
7. पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित)
8. पासपोर्ट
9. पासबुक (फोटो सहित बैंक पासबुक)
10. डाकघर द्वारा जारी पासबुक
11. फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी)
12. सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
13. स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूर्व से ही मुस्तैद है। एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में गांव स्तर पर घूमकर बूथों का जायजा लेते हुए ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया है। वहीं 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर जिला में 40 कंपनियां के सुरक्षा बल लगाये गये हैं। जो जिले के सभी मतदान केंद्रों के अलावे कंट्रोल रूम एवं कलस्टर सेंटर पर तैनात रहेंगे। एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। नक्सलियों के खिलाफ पूर्व से ही अभियान चलाये गये हैं। पलामू पुलिस शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने को लेकर पूरी तरह तैयार है। सभी थाना स्तर पर वारलेस ऑपरेटर तैनात हैं ताकि किसी प्रकार की सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई पुलिस कर सके। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति नक्सल गतिविधि बहुत हद तक कम हुई है लेकिन पुलिस यह मानकर नहीं चल रही है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

# स्वास्थ्य देखभाल की जटिलताओं में नर्सों की अहम भूमिका : सुरेश जैन



- सेवा सदन में विश्व नर्स दिवस पर केक काटा गया बेस्ट नर्स को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रकाश चंद जैन सेवा सदन में विश्व नर्स दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नर्सों द्वारा केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी गई। साथ ही बेस्ट नर्सिंग ईयर 2024 से नर्सों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं नर्सों ने बेहतर नर्सिंग एवं स्वास्थ्य देखभाल को लेकर शपथ लिया। इस मौके पर सुरेश जैन ने कहा कि नर्सों की प्रतिज्ञा दयालु होती है। रोगी देखभाल में वे अपने आपको समर्पित करती हैं। आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल की जटिलताओं से निपटने में नर्सों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। नर्सों द्वारा भर्ती मरीजों को देखभाल के लिए सराहनीय भूमिका रहती है। नर्सों को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जिसमें प्राद्यौगिकी में प्रगति विकसित होती है। स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली व रोगी की जरूरतों को बढ़ती जटिलता शामिल है। यह प्रतिज्ञा नर्सिंग पेशे की पवित्र प्रकृति व नर्सों का उनके रोगियों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव की निरंतर याद दिलाने का काम करती है। तनाव व थकान के समय में प्रतिज्ञा प्रेरणाश्रोत के रूप में काम करती है। उन्होंने कहा कि नर्सों के जुनून व उद्देश्य की भावना फिर से जागृत कर सकती है। जिसमें व्यक्तियों को सबसे पहले नर्सिंग की ओर आकर्षित करता है। मौके पर बेस्ट नर्सिंग अवार्ड 2024 से सरोज देवी को प्रथम, गुलाबमणि कुजूर को द्वितीय, अंजना तिर्की को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट लैब में तकनीशियन विकास कुमार गुप्ता, हाउस कीपिंग में विजय कुमार राम, कैशियर में राहुल राज, कंपाउंडर में अजीत कुमार को भी सम्मानित किया गया। मौके पर सौमित्रो भट्टाचार्य, डा पुनम सिन्हा, डा एसएस होरो, डा शशि सिंह, डा सुरज सिन्हा, नर्स आरती देवी, प्रमिला देवी, अंबिला खलको, पुनम मिंज, अनिता देवी, अनुज देवी व अन्य लोग मौजूद थे।

# महिलाओं ने बनायी रंगोली




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन, पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में में विभिन्न मतदान केंद पर जेएसएलपीएस द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान पूर्व संध्या को बूथ पर मतदान कर्मी एवं मतदाताओ के स्वागत के लिए रंगोली बनायी गयी। इन सभी बूथ पर जेएसपीएल के महिलाओं ने रंगोली बनायी। जिसमें रेखा देवी, तारा देवी, प्रमिला नगेशिया, संजू देवी, लीलावती देवी, सावित्री देवी समेत कई अन्य महिलाएं शामिल हुईं।

# पाटन : कुड़वा के मजदूर की महाराष्ट्र में मौत, क्षेत्र में शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के कुड़वा के मजदूर की महाराष्ट्र में सेटरिंग करने के दौरान गिरने से मौत हो गयी। मृतक मजदूर सतेन्द्र चौधरी पिता अर्जुन चौधरी काम करने के दौरान गिर गया, इससे उसकी मौत हो गयी। मृतक सरिया सेटरींन का काम करने महाराष्ट्र गया था। काम के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में सतेन्द्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सतेन्द्र एक माह पहले सिरमा के मंदीप पनेरी ठेकेदार के साथ सरिया सेटरींन में काम करने गया था। मृतक अपने पीछे तीन बच्चे, पत्नी समेत पूरा परिवार छोड़ गया है। मृतक घर का एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था। इस घटना से परिवार को देखने वाला कोई नहीं रहा। मृतक अत्यंत गरीब था। इस घटना की जानकारी मिलने पर पूरे गांव में मायूसी छा गयी है। समाचार लिखे जाने तक सतेन्द्र का शव घर नहीं पहुंची थी। शव को गांव लाया जा रहा है।

# चतरा में इंडिया गठबंधन की जीत करेंगे सुनिश्चित : दीपक तिवारी

### के एन त्रिपाठी के पक्ष में किया दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जनसंपर्क के दौरान झामुमो नेता दीपक तिवारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के कद्दावर प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के पक्ष में झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। पांकी विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती मनातू प्रखंड अंतर्गत पंचायत नौडीहा, बंसी, मंझौली के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर चौपाल लगाया। युवा नेता दीपक तिवारी, महताब उल्लाह, राकेश कुमार, परवेज अख्तर ने रहेया, घंघरी, जसपुर, कुसुमाटांड़ मधेया, तेतर मंझौली, रबदा, रजडेरवा, पन्नाखाड़ समेत कई गांवों में घूम-घूमकर लोगों से मुलाकात कर इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने नेतृत्व विहिन क्षेत्र बताते हुए विकास कार्य ठप्प रहने की जानकारी दी। मौके पर दीपक तिवारी ने बताया कि जनता को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए नेता का चुनाव करना होगा, तभी जाकर भयमुक्त शांति वातावरण में जीवन गुजरेगा। इसके लिए चतरा लोकसभा क्षेत्र को के एन त्रिपाठी के रूप में उपयुक्त उम्मीदवार मिला है।

- भारत के युवा नेताओं को फंसाकर जेल में कैद करने का काम तानाशाही सरकार कर रही है। जिसे जड़ से उखाड़ने के लिए गांव गांव में जनता को निकलकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट देना होगा। साथ ही कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव में इंडिया गठबंधन की जीत की रणनीति तैयार कर चुके हैं। इस बार कोई चूक नहीं होगी। वहीं झामुमो नेता माहताबुल्लाह ने बताया कि कांग्रेस के दिग्गज नेता के एन त्रिपाठी को सरकार चलाने का अनुभव है।

# शांति-सौहार्द्रपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ मनायें त्योहार : थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लेस्लीगंज थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक में शामिल लोग।

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** लेस्लीगंज थाना में शांति समिति की बैठक मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी तारकेश्वर पासवान व संचालन तनवीर आलम ने किया। थाना प्रभारी ने शांति व सौहार्दपूर्ण वतावरण में भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। कहा कि जुलूस में कोई पोस्टर या राजनीतिक दल का नाम नहीं होना चाहिए। शांति व्यवस्था बनाने में जहां भी मेरी जरूरत होगी मैं दिन रात खड़ा रहुंगा। जिला परिषद सदस्य पूर्वी विजय राम ने बैठक में सामाजिक समरसता के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को शामिल करने की बात कही। पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर दिया जाता है। कभी बैठक में बुलाया जाता है, कभी नहीं बुलाया जाता है। क्षेत्र में कुछ भी होता है और हम लोगों का कॉल आये तो उसे पर ध्यान देना होगा यही उम्मीद है। मौके पर बीडीओ सुकेश नी केरकेट्टा, इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, एएसआई अरुण बावरी, यज्ञ समिति के सचिव पवन सोनी, योगेंद्र प्रसाद सोनी, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष अजीत तिवारी, उप मुखिया हेमू खान, उमेश सोनी, आकाश सिंह, वरुण जायसवाल, पंकज मेहता, हफीजुल्ला रहमान, भोला नाथ साहू समेत विभिन्न गांव से दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# गोड्डा : कुशवाहा समाज भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे को देगा अपना समर्थन

वर्तमान स्थिति को देखते हुए देश एवं राज्य में लोकसभा का लहर है समाज को भी एकजुट होकर मतदान में हिस्सा लेकर एकमुश्त मतदान करने पर जोर दिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** रविवार को कुशवाहा भवन गुलजार बाग गोड्डा में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा राज्य कमिटी के निर्देश पर गोड्डा जिला कुशवाहा महासभा जिला गोड्डा द्वारा एक प्रतिनिधियों ने बैठक कर एन डी ए उम्मीदवार डॉक्टर निशिकांत दुबे को तन मन धन से सहयोग करने का लिया निर्णय।

बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने किया तथा संचालन जिला अध्यक्ष डॉक्टर सदानंद महतो जी ने किया। बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रीय सचिव राजीव मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा, राज्य कमिटी सदस्य प्रेम कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष अनुपलाल वगवै, अवधेश कुशवाहा, सचिव अखिलेश कुशवाहा, प्रफुल्ल कापरी, कौशल किशोर, अरुण कापरी,प्रितेश कुशवाहा, संरक्षक सुकदेव माल, कोषाध्यक्ष होम प्रकाश औंकार, कार्यालय सचिव त्रिवेणी कुशवाहा, आदि सैकड़ों सम्मानित समाज के लोग उपस्थित रहे।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए देश एवं राज्य में लोकसभा का लहर है समाज को भी एकजुट होकर मतदान में हिस्सा लेकर एकमुश्त मतदान करने पर जोर दिया। कुशवाहा समाज को सभी दलों आज तक छलने का काम किया है, देश में एक मात्र पार्टी भाजपा है जो बिहार में प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री तथा यूपी में उपमुख्यमंत्री दिया वाकी को दल कुशवाहा समाज को कुछ भी नहीं दिया।पक्ष में किया जाय इन्हीं सवालों को लेकर इस बैठक समाज को निर्णय लेकर निर्णायक भूमिका में रहने की अपील की।

# साहिबगंज : नशीले पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार अखिल कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, साहेबगंज के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नशीले पदार्थों के पीड़ितों को कानूनी सेवाएं, दुरुपयोग, नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन और अवैध तस्करी के खिलाफ साहेबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति और नशा उन्मूलन के लिए, नई पीढ़ी को नशे की लत से दूर रहने की सलाह दी गई। बताया गया की ड्रग का उपयोग समाज और मानव जीवन के लिए अभिशाप बन गया है। नई पीढ़ी छात्र जीवन में ही नशा की लत का शिकार हो रहे हैं। इससे मानसिक समस्याएं बढ़ती जा रही है बल्कि पूरे परिवार व समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। अगर कोई व्यक्ति नशे का शिकार होता है तो नशा उपचार केंद्र में इसका इलाज कराने की आवश्यकता है। वाहन दुर्घटना दावा के बारे में भी जानकारी दी गई प्राधिकार के सचिब सह वरीय सिविल जज बिश्वनाथ भगत ने बताया की जिले के एक झ एक प्रखंडो में पारा लीगल स्यवं सेवकों, पैनल अधिवक्ताओं द्वरा नशा मुक्ति एवं अन्य विधिक जानकरियों के लिए जागरूक किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा।

इस मौके पर डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कामिनी शर्मा, रविन्द्र श्रीवास्तव, पारा लीगल स्यवं सेवक अमरेन्द्र ठाकुर, रंजन सिंह, अरुण तांती, दिलनवाज सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### गिरिडीह लोकसभा के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने किया जन सम्पर्क



बेरमो। लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने अपने समर्थकों के साथ शनिवार की संध्या बोकारो थर्मल में जनसंपर्क अभियान चलाया। यहां बोड़िया बस्ती सहित राजाबजार, सिक्स यूनिट आदि स्थानों में घूम-घूम कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि मैं इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी हूं। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों का मुझे समर्थन प्राप्त है। इस अवसर पर राजद के वरीय नेता ज्ञानेश्वर सिंह यादव, अनवर आलम, बालगोविंद प्रजापति, सहित अनिल अग्रवाल, जयनारायण महतो, जीपी सिंह,मनीर आलम, संजय विश्वकर्मा, छेना महतो सहित गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता उपस्थित थे।

### सुशासन दल समर्थित निर्दलीय महिला प्रत्याशी डॉ उषा सिंह का जनसंपर्क दौरा



बेरमो। गिरीडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की पढ़ी और सुशासन दल समर्थित निर्दलीय महिला प्रत्याशी डॉ उषा सिंह लगातार जनसंपर्क अभियान चला रही है। रविवार को उन्होंने बेरमो प्रखंड का दौरा किया। इस बीच उन्होंने कई दर्जनों पंचायत में भ्रमण कर ग्रामीणों से जनसमर्थन की अपील की। उन्होंने कई नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया। कहा कि गिरीडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र को जिस तरह से बेहाल छोड़ दिया गया है अब उस स्थिति को बदलना मेरा कर्तव्य है। डॉ उषा सिंह ने अपने पक्ष में वोट करने के लिए लोगों को कहा। साथ ही गिरीडीह लोकसभा का विकास करने के इस लड़ाई में साथ देने को कहा। फूसरो की रहने वाली डॉ उषा सिंह ने कहा कि एक पेशेवर डॉक्टर होने के नाते मैं यहां की समस्याओं को भली भांति जानती हूं। इस क्षेत्र में जो विकास होना चाहिए था, वो अभी तक अधूरा है। इस अधूरे विकास को गति देने का प्रयास करूंगी। जनसंपर्क के दौरान राम किंकर पांडेय, मिथुन, दिलीप प्रजापति, गुलाब चंद समेत अन्य लोगों ने वोट मांगा।

### राजमहल लोकसभा के प्रत्याशी लिली हांसदा ने जारी किया घोषणा पत्र



बरहेट। राजमहल लोकसभा चुनाव बहुत ही दिलचस्प मोड़ ले लिया है। सभी पार्टी ने अपने अपने दिग्गज प्रत्याशी को इस चुनावी रणभूमि में उतारा है और सभी प्रत्याशी विभिन्न मुद्दों को लेकर हुंकार भरता हुआ नजर आ रहा है। एक तरफ क्षेत्रीय पार्टी बड़े बड़े दावे को लेकर जनता को अपना गारंटी दे रहे हैं तो वहीं दूसरी और समता पार्टी के प्रत्याशी लिली हांसदा ने आज जनता को मुद्दों को लेकर क्रांतिकारी घोषणा पत्र जारी किया है।

### कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न



बेरमो/जारंगडीह। रविवार को परमबीर अब्दुल हमीद स्मृति भवन संडे बाजार में बेरमो पूर्वी पंचायत के कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को भारी मतों से विजय बनाना है। बैठक में उपस्थित तमाम कांग्रेस कमेटी के साथियों के नाम इस प्रकार बताई गई जिसके अनुसार सुबोध सिंह पवार, वीरेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, शेर मोहम्मद, सुनील कुमार शर्मा, गणपत रविदास, राजेश पासवान, संजय सोनार, रतन निषाद, सुमित कुमार, राज रतन, सुरेंद्र कुमार, छोटू छतरी, सोनू कुमारी, ज्योति कुमारी, अशोक पासवान, धनु कुमार, हरिमोहन सिंह, प्रमोद कुमार, संदीप पासवान, निर्मल नाथ, उज्जवल चक्रवर्ती, बंटी कुमार, कुंदन कुमार पासवान, तपस कुमार राय, वीरेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, राहुल कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### टीए जन-स्वास्थ्य के संविदाकर्मियों के लिये बायोमेट्रिक आरएफआईडी कार्ड की सुविधा आरंभ



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के सीजीएम कार्मिक हरि मोहन झा तथा सीजीएम टीए कुंदन कुमार द्वारा जन स्वास्थ्य के संविदा कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक आरएफआईडी कार्ड सुविधा का शुभारम्भ किया गया। बोकारो स्टील प्लांट में ठेका मजदूरों की सुविधाओं को पुख्ता बनाने के उद्देश्य से की गई इस अहम पहल के द्वारा बायोमेट्रिक आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से ठेका मजदूरों की पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी तथा ठेका मजदूरों को देय सुविधाओं को सुनिश्चित करने में भी इससे मदद मिलेगी। यह प्रयास ठेका व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : अज्ञात वाहन के धक्का से बाइक सवार दो किशोर की मौत

दुमका। शहर के गांधी मैदान के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो किशोर की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को देर रात में हुई थी। दोनों किशोर मैट्रिक के विद्यार्थी थे। जानकारी के अनुसार मृत प्रियांशू सोरेन (16) जामा प्रखंड के भुटोकोढ़िया गांव का निवासी था,जबकि प्रेम फ्रांसिस सोरेन (17)जामदली के पहाड़पुर का निवासी था। दोनों किशोरों में प्रियांशू सोरेन महुआडंगाल मुहल्ले में अपने मामा के घर पर रहकर पढ़ाई कर रहा था,जबकि दूसरा प्रेम फ्रांसिस सोरेन लॉज में रहकर पढ़ाई कर रहा था। परिजनों का कहना है कि दोनों दोस्त थे और शनिवार की दोनों एक साथ ही महुआडंगाल में आकर सोए हुए थे। रात में खाना खाकर सभी लोग सोने चले गए। दोनों दोस्त बाहर में खाट बिछाकर सोए हुए थे। आधी रात में दोनों ने घर से बाइक निकाली और घुमने के लिए निकल गए। दुर्घटना होने के बाद पता चला कि दोनों बाइक से दुर्घटनाग्रस्त हो गए और अस्पताल में भर्ती है। परिवार के सभी लोग अस्पताल जैसे ही पहुंचे कि प्रियांशू सोरेन की मौत हो चुकी थी, जबकि प्रेम फ्रांसिस सोरेन का पीजेएमसीएच में इलाज चल रहा था। अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया था। बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही थी कि घायल प्रेम फ्रांसिस सोरेन की मौत हो गयी। नगर थाना की पुलिस ने दोनों के परिजनों का फर्द बयान लेकर दुमका के पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम कराया और उनके परिजनों को सौंप दिया। प्रियांशू सोरेन के पिता प्रभू दयाल सोरेन दुमका के एसपी महिला कॉलेज में नाइट गार्ड है। दोनों किशोर बाइक से कहा गए थे। इसका कोई जानकारी परिजनों को नहीं है। परिजनों को कहना है कि जब दोनों घर से निकले,तभी सभी लोग सोए हुए थे। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप आगे की कार्रवाई मे जुट गई है।

### रामनगर मे बंद आवास का ताला तोड़ नगद सहित हजारो की चोरी



बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर कॉलोनी में शनिवार को देर रात चोरों ने अजय सिंह के आवास का ताला तोड़ कर नगद सहित जेवरात और कीमती कपड़े की चोरी कर ली। रविवार की भोर में पड़ोसी राहुल कुमार ने देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जा कर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। बक्सा व आलमारी टूटी हुई थी। उसमें रखे जेवरात, नगद, महंगे कपड़े सहित अन्य सामान गायब था। उन्होंने घटना की जानकारी बेरमो थाना की पुलिस और अजय सिंह सहित स्थानीय लोगों को दी। अजय सिंह के रांची से लौटने पर पता चलेगा कि चोरों ने क्या-क्या चुराया है। सूचना मिलते ही बेरमो थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। कॉलोनी वासियो ने पुलिस प्रशासन से चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की गुहार लगाई है। इसी कॉलोनी मे चार दिन पूर्व सुरेश ठाकुर के यहा चोरी हुई थी। साथ। ही साथ अनुग्रह नगर मे चोरी हुई थी।

# साहिबगंज : डीसी और एसपी ने अति संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

मतदान बूथ में शौचालय, पानी, बिजली, शौचालय में नल की व्यवस्था एवं पूर्व में उस बूथ पर घटी घटनाओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव संयुक्त रूप से चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक मे लोकसभा चुनाव- 2024 को परिपेक्ष्य जिला के विभिन्न अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया।दोनो पदाधिकारियो ने जिला के अति संवेदनशील बूथ नंबर 224 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरमसिया तालझारी, बूथ नंबर 13 भीमराव अंबेडकर प्राथमिक विद्यालय बरहरवा, बूथ नंबर 232,233 प्राथमिक विद्यालय सीता पहाड़ पतना का निरीक्षण किया। मतदान स्थलों का निरीक्षण कर मतदान केन्द्र में उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं का जायजा लिया, साथ ही एएसडी सूची, मतदाता वोटर सूची, प्रपत्रों की जांच किया गया। दोनों पदाधिकारी ने अधिनस्थ बीएलओ को उचित दिशा निर्देश दिए। साथ ही बताया गया की पूर्व की घटनाओं के आधार पर इन मतदान केंद्र को अतिसंवेदनशील की श्रेणी रखा गया है।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र में अतिसंवेदनशील क्षेत्र के मतदान बूथ में शौचालय, पानी, बिजली, शौचालय में नल की व्यवस्था एवं पूर्व में उस बूथ पर घटी घटनाओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं इस मतदान बूथ के क्षेत्र के मतदाताओं से बात कर उनके वोटर कार्ड की जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा उपस्थित मतदाताओं अपील की किसी भी प्रलोभन में आकर अपने मताधिकार का प्रयोग गलत ना करें एवं इस बार अपने मतदान बूथ पर मतदान कर चुनावी प्रक्रिया को समावेशी, स्वच्छ, चुनाव में भागीदार बने।

निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल, प्रखंड विकास पदाधिकारी तालझारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतना, राजमहल एसडीपीओ, बरहरवा एसडीपीओ, संबंधित थाना प्रभारी, संबंधित बूथ के सुपरवाइजर, बीएलओ उपस्थित थे।

### बीएसएल में कार्यस्थल पर कार्मिक कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो।** बीएसएल के सीआरएम थ्री में पीएलटीसीएम अनुभाग में शॉप कार्मिक द्वारा कार्यस्थल पर आयोजित कार्मिक कार्यक्रम में मेडिकल इनवेलिडेशन बोर्ड सामूहिक बीमा योजना शिकायत पोर्टल बायोमेट्रिक प्रणाली इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभाग के 11 अधिशासी तथा 24 कर्मचारियों ने भाग लिया और सभी ने अपने प्रश्नों को स्पष्ट करने और उस पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीजीएम अविनाश झा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जीएम बीके मोहंती एजीएम मनीष कुमार सुस्मिता सोरेन व प्रबंध प्रशिक्षु नितेश कुमार शामिल थे।

## संसद में कोयला मजदूरों का आवाज बनने का कार्य करूंगा : मथुरा महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** इंडिया गठबंधन की ओर से गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो से मिलकर चुनावी रणनीति पर व्यापक चर्चा हुई। हमारा बुथ सबसे मजबूत के तहत योजना बनाकर कार्य किए जायेंगे। प्रतिनिधि मंडल में शामिल यूनियन के नेताओं को प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा लोकसभा में कोयला के मजदूरों का आवाज बनने का कार्य करूंगा मजदूर हितों की रक्षा होगी वर्तमान की केंद्र सरकार पूर्व में मिल रहे सुख सुविधाओं पर लगातार हमले कर रही है। यह एक ऐसा अवसर है की श्रमिक जमात अपने अधिकार की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करें। मैं कोयला मजदूरों के बीच में जाकर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील करूंगा। जब जब सरकार मतवाले हाथी की तरह अपने भूमिका का निर्वाह की है कोयला के मजदूरों ने मुंह तोड़ जवाब देने का कार्य किया है। सांसद बनकर क्षेत्र के विकास में अपनी जवाब देही का निष्ठा के साथ निर्वाह करूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंटक के अजय कुमार सिंह एक्टू बालेश्वर गोप एटक के मथुरा सिंह यादव झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के देवेंद्र यादव तपेश्वर चौहान हिंद मजदूर किसान पंचायत के शमसुल हक झारखंड मुक्ति मोर्चा के जय नारायण महतो सहित अन्य शामिल थे।

### केबी कॉलेज को शिक्षा परिषद से मिला वोकेशनल कोर्स का अनुमोदन

**बेरमो।** केबी कॉलेज के प्रो इंचार्ज सह वोकेशनल कोर्स के कोर्डिनेटर प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा वोकेशनल कोर्स बी सी ए एवं बी बी ए को ए आई सी टी ई से अप्रूवल मिलना कॉलेज के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। ए आई सी टी ई से अप्रूवल पाना देश के सर्वोच्च तकनीकी संस्थानों जैसे आई आई टी, आई आई एम आदि संस्थानों को मिलना अनिवार्य होता था। आज के बी कॉलेज के वोकेशनल कोर्स ने इस अहर्ता को पूरा कर लिया है। के बी कॉलेज बेरमो बोकारो जिले का प्रथम कॉलेज हो गया है जिसने बी सी ए एवं बी बी ए दोनों वोकेशनल कोर्स में ए आई सी टी ई से लेटर ऑफ अप्रूवल प्राप्त कर लिया है। यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का भविष्य देश स्तर के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बन पाएगी। कॉलेज के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने वोकेशनल कोर्स के कोर्डिनेटर को बधाई देते हुए यह कहा है कि ए आई सी टी ई से मान्यता मिलने के बाद नियोक्ताओं में कॉलेज के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

### साहिबगंज : गांजा के साथ दो गिरफतार

साहिबगंज। रविवार को राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिमलेश त्रिपाठी ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक साहिबगंज से गुप्त सूचना प्राप्त हुई की ग्राम सरकंडा के अंतर्गत टपुआ टोला, थाना-राजमहल स्थित शहर मंडल अपने किराने की दुकान में अवैध रूप से गंजा की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई हेतु सीओ राजमार्ग के नेतृत्व में छापेमारी कर शहर मंडल पिता शेखर मंडल के घर तथा दुकान से 30 पाउच, वजन करीब 100 ग्राम गांजा को जब्त किया।

## डीपीएस बोकारो के रोशन को इंटरनेशनल आर्ट इवेंट में विश्व स्तर पर मिला 14वां रैंक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के कला शिक्षक रोशन मिश्रा को विश्वस्तरीय कला स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तीन लाख रुपए की स्कॉलरशिप के लिए चयनित किया गया है। इसके साथ ही रोशन उक्त स्पर्धा में यह उपलब्धि अर्जित करने वाले झारखंड के एकमात्र कलाकार बन गए हैं। भारत सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम के तहत संस्कृति मंत्रालय से सम्बद्ध स्किल डेवलपमेंट ड्राइंग लिटरेसी मिशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल ऑनलाइन आर्ट एग्जिबिशन अवार्ड इवेंट में मिश्रा की पेंटिंग को दुनिया भर में 14वीं रैंक मिली। उन्होंने अपनी पेंटिंग में शून्य से ब्रह्मांड के अस्तित्व की महत्ता और मनुष्य के संघर्ष को चित्रित किया जिसे ए ग्रेड में चयनित किया गया। इसके लिए उन्हें एक साल तक हर महीने 26210 यानी कुल 314520 रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी। इसके अलावा12980 रुपए की पारितोषिक राशि भी मिलेगी। रोशन को भारत सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से इस हेतु विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया है। विद्यालय में डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने रोशन को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्राचार्य ने इसे समस्त झारखंड के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताई। मिश्रा ने वर्तमान में डीपीएस बोकारो परिवार के सहयोग एवं विशेषकर प्राचार्य डॉ गंगवार के मार्गदर्शन को लेकर आभार व्यक्त किया। कला शिक्षक रोशन मिश्रा को हाल ही में सिद्धू कान्हू कला रत्न अवार्ड 2024 से भी नवाजा गया है।


**Format C-1**

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25 September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 336 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Va. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate:_BIDYUT BARAN MAHATO, KRISHNAPUR, ADITYAPUR INDUSTERIAL AREA, NIT, SARAIKELA KHARSAWAN, PIN-832109

Name of political Party:__BHARTIYA JANATA PARTY____________________

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election :_LOKSABHA 2024____________________

* Name of Constituency:___09, JAMSHEDPUR____________________

I__BIDYUT BARAN MAHATO____________(name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM, JAMSHEDPUR | SAKCHI PS CASE NO-03/2022 DATED 06/01/2022 | PENDING POLICE BAIL ON 03/04/2024 | U/S-188/269/270/290/IPC AND 51(B) DISASTER MANAGEMENT ACT-2005 |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences-NIL

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Imposed Punishment |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| | | | |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned din place of name of constituency.

## कोडरमा सांसद ने दल और दिल बदला, मगर नही बदले हालात : विनोद

# शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, पलायन और कोडरमा के मान सम्मान लौटाने के लिए करें वोट : इंडिया





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** नाउम्मीद, निराशा और झूठ का नाम है भाजपा। भाजपा कमोबेश 1977 के बाद से सबसे ज्यादा कोडरमा से चुनकर संसद गयी। मगर कोडरमा के हालात नही बदलें। देश में पिछले 10 सालों से केंद्र में भाजपा की सरकार है, मगर कोडरमा के सवालों को हल करने में नाकाम साबित हुई है। सांसद से मंत्री तक का सफर करने वाली भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा के लिए विश्वविद्यालय और केंद्रीय स्तर का स्कूल तक नही ला पाई। जनता की परेशानियों में सांसद कभी भी सड़कों पर नही उतरी। कोडरमा इस बार बदलाव के पक्ष में झंडे पर तीन तारा पर बटन दबाकर जनता की आवाज को संसद में पहुंचाना चाहती है। उक्त बातें इंडिया गठबंधन के भाकपा माले से कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी विनोद सिंह ने जनसंपर्क अभियान को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्थितियां बेहतर हो, बेहतर होने की दिशा में प्रयास हो, इसके लिए भाकपा माले ईमानदारी से संसद से सड़क तक आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा को बेहतर बनाया जा सकता है, ढिबरा, पत्थर और क्रशर उद्योग को बचाने के लिए नीति संसद से ही बन सकती है। मगर दुर्भाग्य है कि भाजपा सांसद ने कभी प्रयास ही नहीं किया। भाजपा ने जनता से खाते में 15 लाख रुपये और 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन वादों को छोड़ भी दे, तो सहारा में जमापूंजी को भी लौटा नही पाए, जबकि पूंजीपतियों के करोड़ों रुपये माफ कर दिया। पिछले कई सालों से पीएम आवास की राशि झारखण्ड को नहीं दिया गया। झारखण्ड के खनिज संपदाओं से प्राप्त राजस्व का बकाया धनराशि पर भी कुंडली मार कर बैठी है। झारखण्ड और कोडरमा के मान सम्मान लौटने के लिए जनता बदलाव चाहती है।

वहीं राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, बोकारो के पूर्व राजद प्रत्याशी अवधेश प्रसाद यादव, जेएमएम नेता गोपाल यादव, प्रकाश रजक, बसपा नेता प्रकाश अंबेडकर, राजद युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक, संजय दास, सरफराज नवाज, इब्राहिम अंसारी समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पलायन के मुद्दे पर जनता वोट करेगी। उन्होंने बदलाव और कोडरमा के मान सम्मान लौटाने के लिए विनोद सिंह को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क में जनता का प्रेम और सहयोग बदलाव की ओर कदम बढ़ा रहा है। इसबार धनबल और लोगों को बांटकर राजनीति करने वालों को जनता सबक सिखाएगी। मौके पर महेश यादव, मो. मुबारक, बासुदेव यादव, सिकंदर राम, मो. असलम, संजय दास, रामबचन यादव, मंटू यादव, विजय यादव, परवेज खान, सहदेव यादव, मिथलेश साव, मो. आलम, अनिल यादव समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

**इन इलाके में चला जनसम्पर्क, उमड़ी भीड़ :** इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने पिपचो, निमाडीह, कटाही, कुंडीधनवार, मसमोहना, बगरीडीह, बगड़ो, काराखूंट, खरखोट्टा, इंदरवा चौक, लोकाई चौक, खरीडीह, गरहाय, कमेडीह, लरियाडीह, पथलडीहा, सोनंदेडीह, चिगलाबर, बेकोबार उतरी, बेकोबार दक्षिणी, बिछीपहरी, चांदेडीह, भंडरवा, संग्रामडीह इलाके में जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए और जनता को संबोधित किया।

वहीं जयनगर प्रखंड में इंडिया महागठबंधन भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में चक चुटियारो, बिगहा, धरैडीह, तमाय समेत कई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर क्रमांक 7 पर झंडे में तीन तारा पर वटन दबा कर वोट देन का लोगों से अपील किया। वहीं राजद प्रदेश उपाध्यक्ष सह ककरचोली पंचायत के मुखिया राजकुमार यादव ने कई गांव का दौरा कर लोगों के साथ बैठक कर कोडरमा में बदलाव का नारा झंडे में तीन तारा पर बटन दबाकर विनोद सिंह को विजय बनाने का अपील किया। मौके पर महेश सिंह, विरेंद्र यादव, नंदिता भट्टाचार्य, राजेंद्र यादव, मुन्ना यादव, देवानंद सिंह, लक्ष्मण राणा, उषा देवी, शारदा देवी, राजद, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, झामुमो एंव इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल के क्रांतिकारी साथी मौजूद थे।

# मरगड्डा पंचायत के ग्रामीणों ने किया मतदान बहिष्कार का ऐलान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** कुंदा प्रखंड के मरगड्डा पंचायत के गारो गांव में आज भी बिजली नहीं है और न ही पर्याप्त मात्रा में चापाकल हैं। गांव में रहने वाले करीब 500 पिछड़ी जाति के परिवार सिंचाई के लिए दो फसल धान व मक्का पर निर्भर हैं। सरकार द्वारा कुछ जरूरतमंद लोगों को राशन व पेंशन मिलता है, लेकिन उन्हें लंबी दूरी तय कर राशन व पेंशन की राशि का उठाव करना पड़ता है।

गांव में प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध है, लेकिन उसके बाद विद्यालय के बच्चे पांच किमी से अधिक दूरी तय कर आठवीं तक शिक्षा प्राप्त करते हैं, जिससे कई बच्चे, खासकर लड़कियां, पढ़ाई पूरी नहीं कर पाती हैं। इन समस्याओं से तंग आकर ग्रामीणों ने इस बार लोकसभा चुनाव में वोट नहीं देने का फैसला किया है। उनका कहना है कि पहले गांव की समस्याओं का समाधान हो, उसके बाद ही वे मतदान करेंगे।

# नीतीश प्रतीक ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में हासिल की 41वीं रैंक, बना डीएफओ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** एदला गांव के नीतीश प्रतीक ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 41वीं रैंक हासिल कर आईएफएस अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने आरडीएफ पद के लिए चयनित होकर अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। नीतीश के पिता प्रमोद कुमार सीसीएल में प्रबंधक पद पर कार्यरत हैं और माता रीता देवी गृहिणी हैं। नीतीश ने कानपुर से आईआईटी करने के बाद एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्य किया, लेकिन उनमें हमेशा कुछ बड़ा करने की ललक थी। निरंतर अध्ययन और कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने यह शानदार सफलता हासिल की है। नीतीश अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हैं जिन्होंने उन्हें विपरीत परिस्थितियों में भी सही मार्गदर्शन दिया। उनका कहना है कि आईएएस बनने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा और स्पष्ट दिशा में सटीक प्रयास से कोई भी सफलता अर्जित की जा सकती है।

# ग्रिजली विद्यालय में उत्साह के साथ मना मदर्स-डे, विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में मदर्स-डे पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम में छात्रों के साथ साथ माताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। वहीं विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी को मदर्स-डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर हर जगह नहीं आ सकते तो उन्होने मां का सृजन किया और हम सबके जीवन में खुशियां भर दी। वहीं विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि मां के बिना हर घर और हर आंगन सुना है। मां के लिए कोई एक खास दिन नही होता है, बल्कि मां से हर दिन खास होता है। इस अवसर पर छात्रों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, शिक्षिका बनानी नियोगी, वीना भादानी, अल्पना श्रीवास्तव, सारिका देवी, नेहा बर्णवाल, नीतू मोदी, प्रिंस कुमार, सुधीर गिरी, संदीप कुमार, रिम्मी चटर्जी, मधुलिका, अनू कपीसमे, उषा सिंह समेत अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

## अवैध मवेशी लदा वाहन जप्त, दो गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी तिलैया के नेतृत्व में शनिवार की मध्य रात्रि तिलैया थानान्तर्गत अवैध मवेशी (28 गौवंश पशु एवं 13 भैंस/पाड़ा) लदे ट्रक संख्या जेएच04एल/9967 को जप्त किया गया। साथ ही 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना में काण्ड संख्या 111/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 21 वर्षीय नन्दे कुमार पिता यादव लखपतबिगहा थाना गोविन्दपुर जिला नवादा (बिहार), 22 वर्षीय सोनु कुमार पिता शंकर यादव मकनपुर थाना नुरसराय जिला नालंदा (बिहार) निवासी के नाम शामिल हैं।

# होम वोटिंग के माध्यम से वृद्ध व दिव्यांग मतदाता ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

### 103 वर्ष की वृद्ध महिला मतदाता ने मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाता (85 प्लस) एवं दिव्यांग मतदाता को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से वोट दिए जाने का प्रावधान है। 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान किया गया। 12 मई को 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग कराया गया। होम वोटिंग के माध्यम से वृद्ध व 103 वर्ष की वृद्ध महिला मतदाता ने पोस्टल बैलेट से मतदान कर लोकसभा के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस तरह की सुविधा के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी को धन्यवाद दिया। दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं को होम वोटिंग की हर बारीकियों से अवगत कराया। मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बार वरिष्ठ मतदाता ने खुशी जाहिर की। बता दें कि 12 मई से 17 मई 2024 तक होम वोटिंग के माध्यम से मतदान कराए जायेंगे। मौके पर डीडब्लूएसओ शिप्रा सिन्हा, सीओ गिरेंद्र टुटी व अन्य मौजूद थे।



दिव्यांग मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किये। मतदान करने में वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं ने चेहरे में खुशी दिखी।

# एनटीपीसी अधीनस्थ भवानी कंपनी के वर्करों ने ग्रामीणों के साथ की मारपीट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** टंडवा के एनटीपीसी अधीनस्थ में कार्य कर रही भवानी कंपनी के वर्कर ने राहम निवासी अब्दुल सईद अंसारी और कामता निवासी शाहबाज अंसारी के साथ मारपीट की। इस घटना में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। घायलों ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, भवानी कंपनी एनटीपीसी में कार्य कर रही है। वहीं, संवेदक अब्दुल सईद अंसारी का कार्य चल रहा था। इस दौरान भवानी कंपनी के वर्करों ने अब्दुल सईद अंसारी के वर्करों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अब्दुल सईद वहां पहुंचे और बातचीत करने लगे, तो भवानी कंपनी के इंचार्ज राजेश पिल्ले ने उन्हें अपने कैबिन में बंद कर दिया और उनके साथ मारपीट करने लगे। शाहबाज अंसारी बीच-बचाव के लिए गए, तो उन पर भी हमला कर दिया गया।

# कैपिटल विश्वविद्यालय में मातृ दिवस का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैपिटल विश्वविद्यालय चित्रगुप्त नगर में विश्वविद्यालय परिसर में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ उनकी माताओं को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। सभी उपस्थित माताओं के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं विश्वविद्यलाय के कुलसचिव डॉ. अजीत सिंह ने कहा कि मैं उन सभी माताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं जो इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए यहां उपस्थित हुए। यह सच है कि मां-बच्चे का रिश्ता इस दुनिया में हम सभी के बीच सबसे खूबसूरत और अविभाज्य बंधन है। मां निःस्वार्थ भाव से अपने बच्चों की खुशी और सफलता के लिए अनंत बलिदान दिए। मां वह पहली गुरू होती है जिन्होनें हमें चलना, बोलना और प्यार करना सिखाया। वहीं डॉ.प्रमोद कुमार ने मां के लिए एक सुंदर कविता बोलकर अभिवादन किया। वहीं प्रो. वंदना भदानी ने मां के महत्व को बताते हुए एक कहानी कहते हुए कहा कि मां अनमोल होती है और मां का कर्ज कभी उतारा नहीं जा सकता। सफलता पाने वाले हर बच्चे के पीछे एक मां होती है, इसीलिए कहा जाता है कि हर सफल व्यक्ति के पीछे एक महिला होती है, जिसका अर्थ है मां। मौके पर प्रो. सुलोचना नायक, प्रो. मिथिलेश कुमार यादव, प्रो. चंदन कुमार, प्रो. गजाला परवीन, डॉ. तेज नारायण, विशाल कुमार यादव, प्रोग़जाला परवीन, प्रो. अजय कुमार बर्णवाल, प्रो. हरिहर बर्णवाल, प्रो. अजय कुमार दांगी, प्रो.रोहित कुमार, रिंकु कुमारी, पूजा कुमारी, वर्षा कुमारी, साक्षी कुमारी, आशीष कुमार सिंह, मनमोहन सिंह, सुनिता, मोनिका, टेकलाल समेत सभी शिक्षिकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।




# मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से डाले वोट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव व आवश्यक ड्यूटी में लगाये गये अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जिले में पोस्टल बैलेट से रविवार से मतदान शुरू किया गया। मतदान सुविधा केंद्रों पर सुबह 9:30 से शाम पांच बजे तक मतदान कराया जा रहा है। पोस्टल बैलेट कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो के नेतृत्व में मतदान प्रक्रिया शुरू किया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर पोस्टल बैलेट से मतदान कर्मियों ने चिन्हित मतदाता सुविधा केंद्र में अपने मत का प्रयोग किया।

## 16 महीने की बेटी की परवरिश के साथ-साथ पूरे जिले की बागडोर संभाल रही है कोडरमा डीसी, कहा

# बेटी के जन्म के बाद उन्हें अपनी मां और मां के प्यार को करीब से समझने का मौका मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आज मदर्स-डे है और उन सभी माताओं का दिन है जो अपने बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देती हैं। आज हम आपको कोडरमा की उपायुक्त मेघा भारद्वाज के रूप में एक ऐसी मां की कहानी बताएंगे, जो अपनी 16 महीने की बेटी के पालन-पोषण के साथ-साथ कोडरमा को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने में लगातार लगी हुई हैं। मां को किसी शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, मां के प्यार के आगे भगवान भी झुक जाते हैं। शब्द भले ही छोटा लगे, लेकिन इसमें दुनिया बसती है। आज मदर्स-डे है, उन सभी माताओं को सलाम जिन्होंने पूरा दिन घर पर रहकर अपने बच्चों की परवरिश में बिताया, वहीं कुछ माताओं ने अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने बच्चों की भी परवरिश की। 2016 बैच की आईएएस मेघा भारद्वाज कोडरमा की 24वीं उपायुक्त के रूप में जिले को विकास के पथ पर आगे ले जा रही हैं, साथ ही अपनी 16 माह की बेटी सिया की भी अच्छे से परवरिश कर रही हैं। मेघा भारद्वाज के पति आईएएस लोकेश मिश्रा फिलहाल खूंटी के डीसी हैं।



मेघा भारद्वाज हजारीबाग एसडीओ, पलामू डीडीसी और संयुक्त सचिव के पद पर रहने के बाद अब कोडरमा जिले की कमान संभाल रही हैं। उन्होंने देश की सभी माताओं को मदर्स-डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटी के जन्म के बाद उन्हें अपनी मां और मां के प्यार को करीब से समझने का मौका मिला। बेटी को खाना खिलाना, उसके लिए लोरी गाना और उसके साथ खेलना दिन भर की सारी थकान दूर कर देता है।

डीसी मेघा भारद्वाज ने बताया कि पिछले 6 महीने से जब भी वह अपने सरकारी आवास से बाहर होती हैं तो अपनी बेटी से मिलने का इंतजार करती हैं। अपनी बेटी से मिलने की इच्छा उन्हें कम समय में अकि काम करने की ऊर्जा देती है, जो एक सकारात्मक पहलू है। उन्होंने बताया कि इस समय चुनावी माहौल में काफी काम है, ऐसे में अगर उन्हें समय नहीं मिलता तो वह अपनी बेटी सिया को अपने ऑफिस बुला लेती हैं और वहां उसके साथ कुछ समय बिताने के बाद अपने काम में लग जाती हैं। डीसी मेघा भारद्वाज की अनुपस्थिति में सिया की देखभाल मुन्नी करती हैं, जो उनके साथ उनके आवास में रहती हैं।

घर से निकलते समय डीसी पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी बेटी को मुन्नी को सौंपकर चली जाती है, जो दिन भर उसका खूब ख्याल रखती हैं। मुन्नी ने बताया कि मैडम को समय कम मिलता है, लेकिन वह अपने काम से जो भी समय निकाल पाती हैं, वह सारा समय अपनी बेटी के साथ बिताती हैं, एक मां का अपने बच्चों के प्रति प्यार और समर्पण को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, लेकिन जिस तरह से उपायुक्त मेघा भारद्वाज पूरे जिले की बागडोर संभालते हुए अपनी बेटी सिया का ख्याल रखती हैं, वह भी मां का एक अलग ही रूप और समर्पण प्रतीत होता है।

# अवैध मवेशी लदा वाहन जप्त, चार गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चन्दवारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी कर अवैध मवेशी (35 भैंस/पाड़ा) लदा वाहन जप्त किया गया है। साथ ही ट्रक संख्या जेएच09एएन/4726 सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में चन्दवारा थाना काण्ड संख्या 33/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 28 वर्षीय अनिल कुमार पिता रामचन्द्र यादव दूरोडीह थाना डोमचांच जिला कोडरमा, 19 वर्षीय शैलेश कुमार पिता रामाशीष राजवंशी नाद पुरनाडीह थाना अकबरपुर जिला नवादा (बिहार), 40 वर्षीय विनोद कुमार यादव पिता बासु यादव निजामत थाना धनुरूआ जिला पटना, 50 वर्षीय बसंत यादव पिता भज्जु यादव परसन बिगहा थाना शाहजहांपुर जिला पटना निवासी शामिल हैं। छापेमारी दल में थाना प्रभारी चन्दवारा अरविन्द कुमार व सशस्त्र बल एवं थाना के जवान शामिल थे।

## वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण का अवर सचिव ने किया जांच

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सीईओ रांची के अवर सचिव द्वारा रविवार को मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत बूथ नम्बर 364 मध्य विद्यालय बारियाडीह एवं बूथ नम्बर 365 उर्दू विद्यालय मकतब मूर्कमनाय में वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण का जांच किया। इसके पहले एक सप्ताह पूर्व से बीएलओ के द्वारा इन्फॉर्मेशन स्लीप का वितरण किया जा रहा है। साथ ही दोनों बूथों में एएमएफ का भी जायजा लिया। उनके द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाइजर से एएसडी वोटर की संख्या की जानकारी भी ली। इस दौरान जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गौडेन कूजूर, बीडीओ हुलास महतो, बीपीओ राकेश रंजन आदि मौजूद थे।

